सत्ता के गलियारे से

योगेंद्र शर्मा

पहले लोकदल, अब जजपा के साथ में चली बसपा

पूर्व में लोकदल से गठबंधन कर तोड़ चुकी बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर से नया साथी चुन लिया है। इस बार बसपा ने लोकदल से अलग होकर बनी जजपा दुष्यंत चौटाला की पार्टी से गठबंधन का फैसला लिया है। अब से पहले बसपा नेता इंडियन नेशनल लोकदल, पूर्व सांसद राजकुमार सैनी की पार्टी लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के साथ में गठबंधन कर तोड़ चुके हैं। हाल ही में गठित जननायक जनता पार्टी भी जींद उपचुनाव, लोकसभा में भी आप (केजरीवाल) के साथ में गठबंधन कर लडे थे। बाद में आम आदमी पार्टी ने भी एकला चलो वाला फैसला कर लिया व जजपा अकेली रह गई थी। बहरहाल, अब देखना होगा कि जजपा व बसपा का गठबंधन कब तक चलता है, वैसे दोनों पार्टियों का विधानसभा की 90 सीटों को लेकर भी फैसला 50 व 40 पर हो चुका है।

पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी करती रहीं गायों की सेवा

बेहद धार्मिक, सामाजिक और गरीबों की मदद करने वाली महिला पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की धर्मपत्नी स्नेहलता अब दुनिया में नहीं रहीं। काफी समय से मेदांता में भर्ती स्नेहलता ने रविवार की सुबह अंतिम सांस ली। चुनौती भरे दौर से गुजर रहे चौटाला परिवार के लिए उनका जाना बेहद ही बड़ी क्षति वाली बात हैं। बहरहाल, हरियाणा या इसके बाहर गोशालाओं में जाकर सेवा करना दान देना, हरिद्वार, ऋषिकेश-शुक्रताल में भी स्नेहलता गरीबों की मदद करने के लिए माताजी के नाम से जानी जाती थीं।

बड़े हुड्डा का फैसला भी पार्टी लाइन के बाहर

हरियाणा विधानसभा का अंतिम सत्र पूरा हो चुका है। तीन दिनों तक चले इस सत्र के दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनकी पार्टी के सभी विधायकों ने कश्मीर से धारा 370 व 35 ए हटाए जाने के फैसले का खुलकर समर्थन किया, हालांकि सदन के अंदर एक दो बार इसे हटाने पर कांग्रेसी विधायक करण दलाल द्वारा सवाल खड़े कर दिए जाने पर खींचतान भी हुई लेकिन अंत में भाजपा सर्वसम्मति से केंद्र के पक्ष में प्रस्ताव पारित कराने में सफल रही।

छोटे-हुड्डा का बड़ा फैसला और पार्टी लाइन

पूर्व सांसद छोटे हुड्डा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35 ए हटाने का फैसला होने के बाद में बिना देरी किए इस फैसले का समर्थन कर डाला था। हालांकि उनकी पार्टी के कईं कांग्रेसी दिग्गजों ने भी इस फैसले का समर्थन पार्टी लाइन से बाहर जाकर किया, जबकि गुलाम नबी आजाद सरीखे नेता इसका विरोध कर रहे हैं। छोटे हुड्डा के पार्टी लाइन से बाहर जाकर बडे फैसले व मोदी अमित शाह के फैसले का समर्थन करने पर कुछ कांग्रेसी दिग्गजों को तकलीफ हो रही है। जिसके जवाब में छोटे हुड्डा ने स्पष्ट कहा-जो मुझे राष्ट्रहित में लगा उसका समर्थन कर दिया..। बहरहाल, छोटे हुड्डा के इस फैसले का सूब के सभी बुद्धिजीवी स्वागत कर रहे हैं।

बदले -बदले से नजर आ रहे बडे हुड्डा

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा आजकल बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। गत दिवस अपने समर्थक नेताओं के साथ में एमएलए फ्लैट पर पहुंचे बडे-हुड्डा मीडिया से रूबरू हुए, तो उन्होंने 18 अगस्त को होने वाली महापरिवर्तन रैली में बडा एलान करने की बात कही...। कईं दौर की सियासत के रंग देख चुके हुड्डा कुछ हलके-फुलके मूड में नजर आए...लेकिन कलमकारों के कईं तरह के सवालों पर कईं को अपने चिर-परीचित अंदाज में यह कहकर टाल गए 'मैं हाईपोथैटिकल सवालों के जवाब नहीं देता...अलग पार्टी को लेकर सवालों को लेकर भी हुड्डा मुस्कुराकर पुराना किस्सा सुनाने लगे..।

इंग्लैंड में गीता महोत्सव

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए हरियाणा से भी प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुंचा हुआ है। राज्य सरकार में मंत्री विपुल गोयल के अलावा सीएम के करनाल वाले ओएसडी के साथ-साथ करनाल से जुड़े कईं जनप्रतिनिधि, इलेक्ट्रानिक व प्रिंट के कईं कलमकार भी पहुंचे हुए हैं। अपने कांग्रेसी मुंशी जी इंग्लैंड जाने वाली पूरी सूची हाथ में लेकर घूम रहे हैं, जो एमएलए हास्टल परिसर में मिले तो लंदन यात्रा को सरकारी पैसे की बर्बादी बता रहे हैं। मुंशी जी मामले में जानकारी जुटाकर आवाज उठाने का दावा कर रहे हैं।

सतीश मिश्रा और दुष्यंत चौटाला ने किया गठबंधन का ऐलान

प्रदेश में जजपा और बसपा मिलकर लड़ेंगे विस चुनाव

- जजपा 50 और बसपा 40 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगी
- 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती पर जजपा-बसपा की होगी ऐतिहासिक रैली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली/चंडीगढ़

चंडीगढ़। नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में गठबंधन का ऐलान करते जजपा नेता व पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला और बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा।

हरियाणा प्रदेश की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया है। आगामी विधानसभा चुनाव जननायक जनता पार्टी (जजपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मिलकर लड़ेंगी। विधानसभा चुनावों के लिए दोनों दलों के बीच सीटों का बंटवारा भी हो गया है। जजपा 50 सीटों पर और बीएसपी 40 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन की घोषणा रविवार को नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में वरिष्ठ जजपा नेता व पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला और बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा ने की। इस अवसर पर जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर, पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉ. केसी बांगड़, बसपा के हरियाणा के प्रभारी डॉ. मेघराज व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश भारती मौजूद थे। पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला ने जजपा-बसपा गठबंधन की घोषणा करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव जजपा और बसपा मिलकर लड़ेंगे। यह गठबंधन प्रदेश की राजनीति में नया बदलाव लाएगा और प्रदेश में जजपा -बसपा गठबंधन की सरकार बनाएंगे। गठबंधन के बारे में विस्तार से बताते हुए बसपा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सतीश मिश्रा ने कहा कि गठबंधन को लेकर दोनों दलों के बीच कई दौर की बातचीत हुई। दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं के गहन मंथन एवं सहमति के बाद बसपा सुप्रीमो बहन मायावती व जजपा संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला ने गठबंधन को हरी झंडी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा शासन से पूरी तरह त्रस्त है और जजपा-बसपा का नया गठबंधन देखना चाहती है। राज्यसभा सांसद सतीश मिश्रा ने कहा कि हाथी चाबी लेकर चलेगा और चंडीगढ़ का ताला खोलेगा।

कौन सा दल किस सीट से लड़ेगा, घोषणा जल्द ही की जाएगी

बीएसपी नेता सतीश मिश्रा ने कहा कि कौन सा दल किस सीट पर चुनाव लड़ेगा, इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. देवीलाल की जयंती 25 सितंबर को जजपा-बीएसपी गठबंधन मिलकर प्रदेश में ऐतिहासिक रैली करेंगे। रैली का स्थान पार्टी के दोनों नेताओं के विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में प्रदेश का सामाजिक ताना-बाना बिगड़ गया और अब दोनों दल मिलकर आपसी भाईचारे को मजबूती करते हुए सोहार्द कायम करेंगे।

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 के प्रावधान को हटाना सही: दीपेंद्र

समालखा। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने रविवार को 18 अगस्त को रोहतक के मेला ग्राउंड में होने वाली परिवर्तन महारैली की तैयारी के लिए समालखा हलके में पूर्व विधायक धर्म सिंह छोक्कर द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत की और साथियों को महारैली का न्योता देकर उन्हें दिशा निर्देश दिए। पूर्व सांसद दीपेंद्र ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरी पहले से राय थी कि आज के युग में धारा 370 के बने रहने का कोई औचित्य नहीं था और इसको हटना चाहिए।

कश्मीरी लड़कियों पर सीएम का बयान शर्मनाक: दिग्विजय

बाढड़ा। दिग्विजय चौटाला ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35ए हटाने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जो कश्मीरी लड़कियों को लेकर बयान दिया है वह बेहद शर्मनाक है। प्रदेश के मुखिया को ऐसा कहना पड़े कि हम कश्मीर से लड़किया लाएंगे ऐसा शोभा नहीं दे देते। एक तरफ तो देश के प्रधानमंत्री कह रहे है कि कश्मीर के लोग हमारे अपने लोग हैं और वहां की बहू-बेटियां अपनी है। ऐसे में मुख्यमंत्री ऐसा बयान देते है इससे ज्यादा शर्मिंदगी भरी बात नहीं हो सकती।

- कश्मीर के लोग हमारे अपने अपने हैं और वहां की बहू बेटियां अपनी हैं

कांग्रेस गांधी परिवार से बाहर सोच ही नहीं सकती: विज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- यही करना था तो इतने दिनों तक नौटंकी करने की क्या जरुरत थी

सोनिया गांधी को दोबारा से कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज का ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस गांधी परिवार से बाहर सोच ही नहीं सकती है तो इतने दिनों तक नौटंकी करने की क्या जरुरत थी? विज ने कहा कि राहुल, प्रियंका या सोनिया में से एक ने ही अध्यक्ष बनना था। राहुल गांधी ने अध्यक्ष बनने से मना कर दिया, प्रियंका ने मना कर दिया तो सोनिया को पार्टी का अध्यक्ष बना दिया गया। विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि बाकी तो कांग्रेस में कोई काबिल है ही नहीं तो सोनिया को ही बना दिया।

भगिनी सम्मान समारोह में बेटियों की सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

- रक्षासूत्र शगुन के तौर पर दिया प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा
- डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के चेयरमैन जीएल शर्मा की ओर से सम्मान समारोह आयोजित

हरियाणे का इस जग में करां सब तै ऊंचा नाम रै, बाहन-बेटियां की करां सुरक्षा यो गीता का धाम रै। गीतकार प्रवीण डूंगरवासिया की इन पंक्तियों को चरितार्थ कर गुरुग्राम के वासियों ने बहन-बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही मेरी आन-महिलाओं का सम्मान को भी आत्मसात किया। मौका था बसई चौक स्थित भगवान परशुराम वाटिका में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के चेयरमैन जीएल शर्मा की ओर से भगिनी (बहन) सम्मान समारोह का। जिसमें जीएल शर्मा ने कहा कि समारोह के माध्यम से समाज को एक संदेश देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि हर किसी को बहन-बेटियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठानी होगी। यह काम केवल कानून या सरकार का नहीं, बल्कि समाज के हर शख्स का है। जब समाज का हर व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेदारी समझेगा तभी बेटी बचाओ का नारा सार्थक हो पाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से प्रदेश में लिंगानुपात में व्यापक सुधार हुआ है। आज सरकार की बेटी बचाओ मुहिम का असर है कि प्रदेश में प्रति एक हजार लड़कों पर 934 लड़कियां हो गई हैं। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ जीएल शर्मा व आए हुए लोगों ने रक्षासूत्र बंधवाकर बहनों से रक्षा का वचन लिया। रक्षासूत्र के शगुन के तौर पर प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना के तहत एक साल तक का दो लाख का बीमा मुफ्त कराकर दिया गया।

मोदी-मनोहर की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाएं कार्यकर्ता

फरीदाबाद। भाजयुमो के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यशवीर डागर के संयोजन में रविवार को सेक्टर-55 स्थित कृष्ण वाटिका में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाजपा के मंडल अध्यक्षों, महिला पदाधिकारी, ब्लाक प्रमुख, पन्ना प्रमुख सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे। सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को घर-घर दस्तक कार्यक्रम के तहत लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सम्मेलन में आए लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा प्रत्याशी यशवीर डागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35ए हटाकर यह साबित कर दिया कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है और जो प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावों के दौरान देश की जनता से वायदा किया था, उस वायदे को पूरा करते हुए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार आज देश व प्रदेश का जिस तरह विकास कर रहे है, उससे यह स्पष्ट देखा जा रहा है कि आने वाले समय में जहां भारत विश्व में मजबूत शक्ति बनेगा वहीं हरियाणा देश के विकसित प्रदेशों में शामिल होगा। एनआईटी क्षेत्र में भाजपा का विधायक न होने के बावजूद यहां विकास की कोई कमी नहीं आने दी।

- भाजयुमो के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष यशवीर डागर ने कहा
- भाजपा के मंडल अध्यक्षों, महिला पदाधिकारी, ब्लाक प्रमुख, पन्ना प्रमुखों की ली बैठक

कांग्रेस महिला सेल की प्रदेश उपाध्यक्ष और डॉ. कपूर नरवाल भाजपा में

रोहतक। विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही भाजपा ने रविवार को रोहतक में जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों की बैठक ली। इसमें रणनीति बनाई गई और सभी को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। बैठक से पहले कांग्रेस और जजपा के कई नेता भाजपा में शामिल हुए। इनमें कांग्रेस महिला सेल की प्रदेश उपाध्यक्ष राजबाला, इनेलो के टिकट पर बड़ौदा से चुनाव लड़ चुके और फिलहाल जेजेपी नेता डॉ. कपूर सिंह नरवाल, सेवानिवृत आईजी डॉ. हरीश कुमार, कांग्रेस के बिजेंद्र सिंह आटा, आईएनएलडी के साधूराम, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी अजय चौहान, कांग्रेस के बलदेव बाल्मीकि, समाज सेवी रवि चौहान, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र स्वामी भाजपा में शामिल हो गई।

- बैठक से पहले कांग्रेस और जजपा को दिया झटका

दिल्ली मॉडल को लेकर विस चुनाव में उतरेगी आप: जयहिंद

रोहतक। विधानसभा चुनाव में पार्टी आम व्यक्तियों को ही मैदान में उतारेगी। हरियाणा में आम आदमी पार्टी ही भाजपा का विकल्प है। आम आदमी पार्टी जाति-धर्म पर नहीं बल्कि काम पर वोट लेगी। यह बात रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन जयहिंद ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह हरियाणा में भी लोगों को सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन हरियाणा सरकार को लोगों की सुविधाओं से लेना देना नहीं है। जयहिंद ने कहा कि चुनाव से पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का हरियाणा में दौरा भी होगा। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में फिर से आप की ही सरकार बनेगी। वहीं, राज्यसभा सदस्य डॉ. सुशील गुप्ता ने आम आदमी पार्टी दिल्ली (आप) मॉडल को लेकर हरियाणा के विधानसभा चुनाव मैदान में उतरेगी। दिल्ली में बिजली 200 यूनिट तक फ्री की गई है, जबकि 201 से 400 यूनिट तक आधा बिल लिया जाएगा।

- चुनाव से पहले दिल्ली के सीएम हरियाणा में दौरा करेंगे

राजकीय बहुतकनीकी महम - रोहतक

Website : www.gpmeham.edu.in Email : helpdeskmhm@gmail.com

Admission Notice (दाखिला सूचना)

सूचित किया जाता है कि राजकीय बहुतकनीकी महम में Manual Counseling हेतु दाखिले की प्रक्रिया दाखिला *पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रिक्त सीटों के लिए चालू है।

Branches	Courses	योग्यता	तिथि
Civil Computer Electrical Mechanical	डिप्लोमा इंजी. कोर्स (तीन वर्षीय) एवं डिप्लोमा इंजी. कोर्स (दो वर्षीय लैटरल एंट्री)	Diploma Engg. प्रथम वर्ष में दाखिला के लिए दसवीं पास (गणित व विज्ञान) होना अनिवार्य है। Second year में सीधे दाखिले के लिए 10+2 (Non Med.) ITI (Min 2 Years) होना अनिवार्य है।	दाखिला *पहले आओ पहले पाओ के आधार

नोट : रिक्त सीटों पर Manual Counseling में *पहले आऐ पहले पाऐ के आधार पर।
इच्छुक छात्र अपना आवेदन फार्म संस्थान में आकर भर सकते हैं। दाखिला हरियाणा सरकार के नियमों अनुसार किया जाता।
Boys Fee" (Rs. 2850 प्रति छहमाही+Rs.1500 (Security Refundable)+Rs.250 (One time in whole Program)
Girls Fee" (Rs. 1350 प्रति छहमाही+Rs.1500 (Security Refundable)+Rs.250 (One time in whole Program)

दाखिला संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी मोबाईल नं. 7056753201, 8570829820 Mechanical Engg. 7404134295, Electrical Engg. 9416097912, Computer Engg. 8168730356 Civil Engg. 9050129055 एवं Det-L 9466730571 पर प्राप्त की जा सकती है।

• रिक्त सीटें रहने पर या 15.08.2019 तक

योगेंद्र यादव से खास बातचीत

हरियाणा में हमें विपक्ष बनने से कोई नहीं रोक सकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

गुरमीत को किसी भी बहाने से पैरोल दी तो सड़कों पर आएंगे स्वराज इंडिया के कार्यकर्ता

कई दशकों से सामाजिक व सियासी मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले बुद्धिजीवी योगेंद्र यादव हरियाणा के रहने वाले हैं, उन्होंने एक दौर में अण्णा हजारे के दिल्ली जंतर-मंतर से शुरू हुए आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाई व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ में भी बेहद ही प्रगाढ़ संबंध रहे, लेकिन वक्त के साथ-साथ बहुत कुछ बदलता चला गया, केजरीवाल दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के बाद में अपने कई करीबियों से दूरी बना चुके हैं। कई मामलों में बेबाक राय और बिंदास बोलने वाले योगेंद्र ने हरिभूमि के साथ में खुलकर बातचीत की। यादव स्वीकार किया कि फिलहाल वे किसी भी गलत फहमी में नहीं हैं कि उनके प्रत्याशी जीतेंगे व सरकार बनेगी। लेकिन चुनाव जीतने के लिए नहीं, मजबूत विपक्ष से कोई नहीं रोक सकता है। इस चुनाव में किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे, इस पर यादव का कहना है कि बेरोजगारी, किसानों को पूरा भाव नहीं मिला है।

राम रहीम के दंडवत होने वाले नेता स्वार्थी

वे डेरा सच्चा सौदा के संचालक रहे गुरमीत सिंह के सामने दंडवत होने वाले नेताओं की स्वार्थ की राजनीति पर खुलकर तंज करते हैं। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह को लेकर यादव की पार्टी का फंडा साफ है, उनका कहना है कि जो व्यक्ति दुष्कर्म और हत्या जैसे मामलों में जेल के अंदर है, उसको ना तो पैरोल मिलनी चाहिए। सिरसा के पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड की एक-एक बात से वे वाकिफ हैं, खुद उस पत्रकार ने मुझसे यह आशंका जाहिर भी की थी। योगेंद्र कहते हैं कि इस व्यक्ति को पैरोल नहीं दी जानी चाहिए। ना ही इस तरह के खतरनाक कैदी के लिए किसी भी बहाने से पैरोल आदि कोई राहत नहीं मिलनी चाहिए। यादव ने यह भी कहा कि डेरामुखी को पैरोल पर बाहर लाने का प्रयास हुआ, तो हम सड़कों पर उतर जाएंगे।

प्रदेश में हर कोई खुश

योगेंद्र यादव हरियाणा में विपक्ष की खराब हालत पर जमकर तंज करते हैं, क्योंकि यहां पर विपक्ष नाम की चीज नहीं है। वे फार्मूला बताते हैं कि भाजपा लोकसभा, नगर निगम, जींद जैसे चुनाव जीतकर खुश हैं। पीसीसी अध्यक्ष अशोक तंवर इसीलिए खुश हैं क्योंकि लोकसभा में बापू बेटा पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और बेटा दीपेंद्र चुनाव हार गए। पूर्व सीएम हुड्डा तंवर, कैप्टन जैसों की हार से बेहद खुश हैं। यादव कहते हैं कि जननायक जनता पार्टी लोकदल की हार पर खुल, तो भतीजा चाचा की पार्टी की दयनीय हालत से खुश है।

आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर – 135001 (हरियाणा)
CIN: L23423HR1933PLC000097, Ph: +91-120-4085405, Fax No.: +91-0120-2412250
Email: cfo@isgec.com, Website: www.isgec.com

30.06.2019 को समाप्त तिमाही हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सार

(अर्जन प्रति शेयर को छोड़कर रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन			समेकित		
		समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष
		30.06.2019	30.06.2018	31.03.2019	30.06.2019	30.06.2018	31.03.2019
		(अअंकेक्षित)	(अअंकेक्षित)	(अंकेक्षित)	(अअंकेक्षित)	(अअंकेक्षित)	(अंकेक्षित)
1.	प्रचालनों से कुल आय	1,01,127	72,147	4,16,582	1,20,394	93,150	5,11,942
2.	अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	5,073	4,718	20,308	4,958	7,424	22,694
3.	कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	5,073	4,718	20,308	4,958	7,424	22,694
4.	कर के बाद अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	3,282	3,095	12,832	2,820	4,861	14,402
5.	अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय	3,285	3,105	12,850	2,790	4,871	13,980
6.	इक्विटी शेयर कैपिटल	735	735	735	735	735	735
7.	रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)			1,33,982			1,50,785
8.	अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के)						
	(ए) बेसिक (रु. में)	4.46	4.21	17.45	3.85	6.47	19.42
	(बी) डायल्युटेड (रु. में)	4.46	4.21	17.45	3.85	6.47	19.42

टिप्पणी :-

1. कम्पनी के उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं समेकित परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और निदेशक मंडल द्वारा उनकी 10 अगस्त 2019 को आयोजित सम्बन्धित बैठक में अनुमोदित किये गये हैं।
2. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियमों, 2015 और इसके पश्चात् संशोधित अनुसार, के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानदंड (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. (ए) शेयरधारकों द्वारा 16 मार्च 2019 को डाक मतदान द्वारा पारित एक सामान्य प्रस्ताव द्वारा वर्तमान वर्ष के दौरान रु. 10/- के प्रत्येक इक्विटी शेयर को रु. 1/- के 10 इक्विटी शेयर में उपविभाजित किया गया था।
   (बी) शेयरों के उपरोक्त उपविभाजन पर पुनर्विचार करते हुये प्रति शेयर अर्जन के सम्बन्ध में सभी रिपोर्ट की गई अवधियों पर पुनर्विचार किया गया।
4. कम्पनी ने 01 अप्रैल 2019 से प्रभावी Ind AS-116 "लीजिज", 01 अप्रैल 2019 को लागू वर्तमान सभी लीज अनुबंधों पर लागू को पहचान करने के लिये संक्रमण विकल्प सहित संशोधित पूर्वव्यापी विधि का उपयोग करते हुये राइट ऑफ यूज असैट (आरओयू) के तहत लीज देयता की राशि में से पूर्व में भुगतान किये गये किराये को समायोजित किया गया है। तदानुसार 30 जून 2018 और 31 मार्च 2019 को समाप्त तिमाहियों और 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु तुलनात्मक रूप से पूर्वव्यापी समायोजन नहीं किया गया है। इस अर्जन के परिणामस्वरूप क्रमशः अवमूल्यन में 75 लाख और वित्तीय लागत में 27 लाख की वृद्धि हुई है और स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों में लीज किराया लागत में 80 लाख रुपये की कमी आई है और समेकित वित्तीय परिणामों में क्रमशः 77 लाख रुपये अवमूल्यन में और रु. 28 लाख वित्तीय लागत में वृद्धि हुई है तथा लीज किराया लागत में रु. 83 लाख की कमी आई है।
5. कम्पनी ने 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु प्रकाशित अंकेक्षित परिणामों में निम्नानुसार घोषणा की है :-
   "ए) कम्पनी फिलीपिंस में डिजाइन, इंजीनियर, प्रोक्योर, निर्माण, प्रचालन और बायो-रिफाइनरी प्रोजैक्ट डिलीवर करने के अनुबंधों का निष्पादन कर रही है। अनुबंधात्मक डिलीवरी तिथि के अंदर प्रोजैक्ट की पूर्णता में विलम्ब और गुप्त शर्तें जो लागत को बढ़ा देती है की घोषणा थी। कम्पनी ने ग्राहक को अधिसूचित किया कि ये जोखिम अनुबंध के तहत उनके अकाउंट के थे। ग्राहक ने प्रोजैक्ट को चालू करने के लिये निर्देश जारी किये और उप-ठेकेदारों को सीधे ही अतिरिक्त कीमत का भुगतान करना शुरू कर दिया। प्रोजैक्ट मूलतः पूर्ण हैं। ग्राहक ने 30 जनवरी 2018 को लगभग रु. 134 करोड़ की राशि बैंक गारंटियों के रूप में आह्वान किया, अनुबंध को गलत रूप से समाप्त कर दिया और नुकसान का दावा भी कर दिया।
   बी) कम्पनी, ग्राहक के साथ अनुबंध के अनुरूप, सिंगापुर अन्तर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केन्द्र (एसआईएसी) के तहत विवाद को मध्यस्थता हेतु दायर कर चुकी है।
   सी) कानूनी सलाह यह है कि कम्पनी ग्राहक के विरूद्ध इसके दावों को साबित करने में सफलता का अच्छा भाव रखती है और तदनुसार लेखा पुस्तकों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।"
   एसआईएसी ने मध्यस्थता प्राधिकरण की स्थापना कर दी है और मध्यस्थता को पूर्ण करने हेतु 3-4 माह लगने की संभावना है। इस तिथि तक कोई अन्य परिवर्तन नहीं है।
6. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.isgec.com पर उपलब्ध हैं।
7. पूर्ववर्ती अनुकूल अवधि हेतु आंकड़े तुलनायोग्य बनाने हेतु जहां आवश्यक है, रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।

कृते आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
(आदित्य पुरी)
प्रबंध निदेशक

दिनांक: 10 अगस्त 2019
स्थान : यमुनानगर